@Fair Report @Fair_report @fairreportnews @Fair report

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN

Jaipur, Sunday, 07 June 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 262 Pages 04 | ₹3.00

# CM Bhajan Lal Sharma Makes Surprise Visit to SMS Hospital, Reviews Patient Care and OPD Services

FAIR REPORT




**Jaipur:** In a move aimed at ensuring accountability and improving public healthcare delivery, Rajasthan Chief Minister Bhajan Lal Sharma conducted a surprise inspection of the Outpatient Department (OPD) services at Sawai Man Singh Hospital on Saturday, directly interacting with patients and reviewing the quality of medical facilities available at the state's premier government healthcare institution.

Returning to Jaipur from his Bhilwara visit, the Chief Minister made an unannounced stop at the hospital's Dhanvantari Building, catching officials and staff by surprise as he personally assessed the functioning of OPD services across multiple departments.

During the inspection, Sharma reviewed medical arrangements, availability of medicines, diagnostic facilities and sanitation standards. He sought detailed briefings from hospital administrators regarding patient management, waiting times, treatment facilities and the overall delivery of healthcare services.

The Chief Minister also spent considerable time interacting with patients and their attendants, listening to their concerns and gathering first-hand feedback on the quality of services being provided. Officials present during the visit were directed to address shortcomings and implement necessary improvements based on the feedback received from the public.

Sources said Sharma emphasized that government hospitals are the backbone of public healthcare and that citizens visiting these institutions must receive timely treatment, adequate medicines and a clean, patient-friendly environment.

The surprise inspection is being viewed as part of the state government's broader effort to strengthen healthcare infrastructure and improve service delivery through direct monitoring. Such visits, officials believe, send a strong message about accountability and responsiveness within the public health system.

For thousands of patients who depend on government healthcare facilities every day, the Chief Minister's unscheduled visit underscored an important governance principle: that healthcare reforms must be measured not only through policies and budgets, but through the actual experience of patients standing in hospital queues.

As Rajasthan continues its push to enhance public health services, the inspection highlighted the government's focus on ensuring that quality healthcare remains accessible, efficient and citizen-centric.

### IRAN FIRES BALLISTIC MISSILES AT BAHRAIN AND KUWAIT; US MILITARY INTERCEPTS SIX OF SEVEN

**TEHRAN/WASHINGTON** : Iran launched a volley of ballistic missiles targeting Bahrain and Kuwait — both considered strongholds of the United States military presence in the Gulf region — in a dramatic escalation that has sharpened fears of a wider regional conflagration.

The US military confirmed that its defence systems successfully intercepted six of the seven missiles fired toward Kuwait and Bahrain, but acknowledged that one projectile failed to reach its intended target. No immediate details were provided on casualties or structural damage at the time of reporting.

The strike marks one of the most direct and provocative Iranian military actions against Gulf states hosting American forces, raising the spectre of a broader confrontation at a time when Washington has been intensifying its so-called 'Maximum Pressure' strategy against Tehran — a policy of crippling economic sanctions and military posturing aimed at forcing Iran into strategic submission. Iran's Islamic Revolutionary Guard Corps (IRGC) had earlier claimed responsibility for strikes on what it described

# The Hunter in the Mango Tree

FAIR REPORT



**JAIPUR:** For a few fleeting minutes on a warm summer morning, a quiet backyard in Jaipur's Gandhi Nagar government colony transformed into a vivid theatre of nature — where instinct, survival and wilderness unfolded high above the ground beneath the dense canopy of a mango tree.

In a striking display of urban wildlife, a juvenile Shikra — among India's most agile and fearless birds of prey — was seen hunting, killing and devouring a palm squirrel within the confines of a residential compound in the heart of the city.

The dramatic sequence unfolded in full public view as the young raptor clutched its prey tightly beneath razor-sharp talons, fiercely guarding the kill from two accompanying siblings that hovered nearby in expectation. The juvenile hunter refused to share even a morsel of its hard-earned catch, offering a rare and intimate glimpse into the territorial instincts and survival behaviour of young raptors learning the uncompromising realities of the wild.

The Shikra, a small hawk widely distributed across the Indian subcontinent, derives its name from the Hindi word "shikari", meaning hunter. True to its name, the bird displayed remarkable concentration, stealth and predatory precision while perched securely amid the thick branches of the mango tree.

What made the sighting particularly remarkable was its location — a government PWD colony situated between Jaipur's bustling arterial roads, JLN Marg and Tonk Road. Amidst constant traffic, concrete expansion and urban activity, the presence of such a skilled predator underscored the extraordinary resilience and adaptability of wildlife surviving within rapidly expanding cities.

The striking photographs documenting the hunt were captured by Sushmit Biswas, IPS, Additional Director General of Police (Railways), Rajasthan, an avid wildlife photographer with a longstanding interest in avian behaviour and urban biodiversity. His photographs capture not merely the raw drama of predation, but also the fragile ecological balance quietly sustained within urban neighbourhoods.

"Urban trees are far more than ornamental greenery; they are living microhabitats sustaining birds, squirrels, insects and entire ecological interactions," Biswas remarked, a day after Rajasthan observed World Environment Day 2026 on June 5.


He observed that juvenile Shikras are currently in their learning phase during the early summer months, when young birds gradually begin practising independent hunting under the loose supervision of their parents. Palm squirrels, small birds, rodents and lizards form part of their natural prey base.

Biswas also advocates minimal light pollution around his official bungalow during the evenings to encourage ecological balance and maximise the presence of nocturnal and avian visitors within the garden ecosystem.

For a brief yet unforgettable moment on a June morning, a mango tree in urban Jaipur became a reminder that beyond the noise of traffic and the spread of concrete, the ancient rhythms of the wild continue to endure — often silently, and astonishingly close to home.

# PUTIN HAILS INDIAN CODERS AT SPIEF'26, CALLS INDIA A POWERHOUSE OF GLOBAL IT

FAIR REPORT




**ST. PETERSBURG**, June 6: In a striking diplomatic compliment delivered from one of the world's most watched economic platforms, Russian President Vladimir Putin lavished praise on Indian software professionals at the St. Petersburg International Economic Forum 2026, declaring India one of the foremost players in the global information technology industry.


Addressing delegates at SPIEF'26 — Russia's flagship annual gathering of global business and political leaders — Putin singled out Indian talent with rare personal warmth, acknowledging the extraordinary skill, education and professional calibre that Indian technologists have demonstrated on the world stage.

"We know how talented Indian people are, how well-educated and capable they are. They have earned global recognition, especially in coding," the Russian President remarked, in comments that have since reverberated across diplomatic and tech circles internationally. Putin further underlined India's strategic importance to the global software economy, describing the country as a critical and irreplaceable component of the worldwide software market — a recognition that aligns with India's decade-long emergence as the back office of the world's largest corporations and technology firms. The remarks come against the backdrop of deepening India-Russia ties across trade, defence and energy corridors, with Putin previously describing the bilateral relationship as one of brotherly bonds. For India's sprawling IT sector — which employs millions and generates well over $200 billion in annual exports — the Kremlin's endorsement from a global stage adds yet another feather to an already formidable international reputation.




# PM Reviews Reform Agenda, Pushes for Faster Economic Transformation and Better Quality of Life

FAIR REPORT



**New Delhi:** Signalling the government's continued focus on long-term growth and structural reforms, Prime Minister Narendra Modi chaired a high-level meeting of the Economic Advisory Council to the Prime Minister (EAC-PM), where discussions centered on India's economic transformation, future development priorities and strategies to accelerate the country's reform trajectory.

The meeting brought together leading economists and policy experts to deliberate on key challenges and opportunities facing the Indian economy as it seeks to sustain rapid growth while improving the lives of ordinary citizens.

Prime Minister Modi emphasized the need to maintain momentum in the reform process, stressing that economic progress must translate into tangible benefits for citizens. Discussions focused on strengthening the twin pillars of governance — "Ease of Living" for citizens and "Ease of Doing Business" for entrepreneurs and investors.

Sources indicated that the deliberations covered a broad spectrum of issues, including investment promotion, employment generation, innovation-driven growth, infrastructure development, regulatory reforms and measures aimed at enhancing India's global competitiveness.

The meeting comes at a crucial juncture as India positions itself to become one of the world's leading economic powers over the coming decades. Policymakers are increasingly focusing not only on achieving higher GDP growth but also on ensuring that development remains inclusive, sustainable and capable of improving everyday life for millions. Observers view the Prime Minister's direct engagement with the Economic Advisory Council as a sign of the government's intent to shape policy through expert consultation while keeping a sharp focus on long-term national priorities. As India navigates a rapidly changing global economic landscape, the discussions underscored New Delhi's determination to deepen reforms, attract investment and build an economy capable of delivering prosperity, opportunity and a higher standard of living for its 1.4 billion citizens.

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, क्या इस भ्रष्टाचार की कभी जांच होगी या ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा

# भाजपा सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं उसके ही विधायक: गहलोत

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उसके खुद के ही विधायक सरकारी दावों की पोल खोल रहे हैं। गहलोत ने आंगनबाड़ी के पोषाहार की खराब गुणवत्ता को लेकर भाजपा के एक विधायक की कतिपय टिप्पणी के हवाले से यह बात कही।



उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार में क्या चल रहा है? खुद सत्ताधारी दल के विधायक ही आज सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उदयपुर की समीक्षा बैठक में गोगुंदा से भाजपा विधायक प्रताप गमेती का यह कथन बेहद विचलित करने वाला है कि 'आंगनबाड़ी के पोषाहार को जानवर भी नहीं खाते।' विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ ऐसा खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ योजनाओं के क्रियान्वयन में भारी देरी और दूसरी तरफ मासूमों के निवाले में भ्रष्टाचार? उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के सामने अपनों ने ही आईना दिखा दिया है। भाजपा सरकार विज्ञापनों और बैठकों से आगे बढ़कर इन गरीब बच्चों की सुध कब लेगी? उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, ''क्या इस भ्रष्टाचार की कभी जांच होगी या आदिवासियों के हक पर ऐसे ही भ्रष्टाचार चलता रहेगा।''

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी सरकार को घेरा

राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी इस मुद्दे को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'सच अपने आप सामने आ ही जाता है, जबकि झूठ को सोच-समझकर गढ़ना पड़ता है। भाजपा विधायक प्रताप गमेती ने सही कहा कि आंगनबाड़ी का पोषण आहार घर जाकर फेंका जा रहा है और उसे जानवर तक नहीं खाते, क्योंकि इसमें भाजपा राज के भ्रष्टाचार की बू आ रही है। जब भाजपा के विधायक स्वयं संभाग स्तरीय बैठक में उपमुख्यमंत्री के सामने यह कहने को मजबूर हो जाएं कि आंगनबाड़ी का पोषण आहार फेंका जा रहा है और उसे जानवर भी नहीं खाते, तो यह साफ है कि प्रदेश में सरकार नहीं, बल्कि अव्यवस्था का तमाशा चल रहा है। राज्य में 'फेल डबल इंजन' सरकार में इससे ज्यादा शर्मनाक और विफलता का उदाहरण क्या हो सकता है? सरकार "पोषण" और "विकास" के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि पोषण आहार की गुणवत्ता की उनके जनप्रतिनिधि पोल खोल रहे हैं।"

---

उपमुख्यमंत्री ने रायपुर में दी विकास कार्यों की सौगात, लगभग 59 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

# डबल इंजन सरकार के सहयोग से हो रहा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समग्र विकास : दिया कुमारी

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत ढाई वर्षों में राज्य में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का अभाव था, सड़कों की स्थिति जर्जर थी तथा स्वास्थ्य सेवाएं भी पर्याप्त नहीं थीं, किन्तु वर्तमान सरकार के कार्यकाल में व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए गए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के दौरे के दौरान सहाड़ा विधानसभा के रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 59 करोड़ रूपये के विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश ही नहीं, बल्कि संपूर्ण राजस्थान में विकास की गति तेज हुई है और आमजन को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के संदर्भ में आमजन से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की।



## सरकार महिलाओं को सम्मान एवं अवसर देने को प्रतिबद्ध

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास कार्यों की निरंतरता के लिए जनप्रतिनिधियों का चयन महत्वपूर्ण है तथा गांव से लेकर शहर तक विकास की श्रृंखला को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं को सम्मान एवं अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा उनके लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। प्रदेशवासियों के सहयोग से राजस्थान भी विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सा विभाग के 111.96 लाख, आयुर्वेद विभाग के 90 लाख, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3699.03 लाख तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 355 लाख तथा शिक्षा विभाग के 654.3 लाख, सहकारिता विभाग के 25 लाख, बिजली विभाग के 874 लाख तथा पशुपालन विभाग के 19 लाख रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही, उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण होने पर चाबी सौंपी।

## राजसमन्द में ग्राम रथ का पूजन और प्रचार साहित्य का किया वितरण

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि ग्राम रथ सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम बनकर उभरे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि इस पहल से आमजन को योजनाओं की स्पष्ट और सरल जानकारी मिल रही है, जिससे पात्र लाभार्थियों तक समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो रहा है और जागरूकता का स्तर निरंतर बढ़ रहा है। राजसमंद प्रवास के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत राज्यावास में आयोजित ग्राम रथ कार्यक्रम में भाग लेते हुए ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने ग्राम रथ के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता यह है कि हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर उनका अधिकतम लाभ उठाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभाग द्वारा तैयार प्रचार सामग्री, पुस्तिकाएं एवं ब्रोशर का वितरण किया तथा ग्रामीणों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रशासन और आमजन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बन रहा है, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जनसहभागिता दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, प्रोटोकॉल अधिकारी बृजेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# मंत्री गहलोत ने बुधवाली में सांध्य चौपाल में आमजन के सुने अभाव-अभियोग

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा चूरू जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने मंगलवार को जिले के रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के बुधवाली में सांध्य चौपाल में आमजन के अभाव- अभियोग सुने तथा ग्राम रथ अभियान कार्यक्रम में शिरकत कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने योजनाओं की जानकारी देते हुए आमजन से ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)- 2026 में अधिकतम भागीदारी निभाने की अपील की।

इस अवसर मंत्री गहलोत ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाएं समाज के कमजोर, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। छात्रवृत्ति, पेंशन, स्वरोजगार एवं विभिन्न सहायता योजनाओं के माध्यम से सरकार हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने राजस्थान को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने का संकल्प लिया है। आज राजस्थान के 24 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्धता करवाई जा रही है। हमारी सरकार ने शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल समझौते के माध्यम से मीठा पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पित प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान अंतर्गत परम्परागत जल स्रोतों को सुदृढ़ करने का काम किया जा रहा है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से



ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार अवसरों को सुदृढ़ करने व जनोपयोगी कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। इसी के साथ करीब 350 परीक्षाएं बिना पेपरलीक संपन्न हुई हैं और युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

इस दौरान उन्होंने आमजन के परिवाद सुनें और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

उन्होंने युवाओं, किसानों एवं महिलाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। इसी के साथ ग्राम रथ में रखी सुझाव पेटिका में राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए अपने सुझाव भी दें।

मंत्री गहलोत ने आगामी 'ग्राम -2026' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे इस आयोजन में भाग लेकर आधुनिक तकनीकों, नवाचारों और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके।इस दौरान उन्होंने मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त 02 बच्चों (गिरीश व जय कुमार) को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर उपलब्ध करवाने की बात कही तथा और पुस्तकें प्रदान कर व भामाशाह सहयोग से लैपटॉप भेंट कर अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया।

इस मौके राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

---

मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और जापान में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक की मीटिंग, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# ग्रीन एनर्जी और पर्यटन विकास से राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने बुधवार को सचिवालय में जापान में भारत की राजदूत नगमा मोहम्मद मलिक के साथ आयोजित बैठक में कहा कि राजस्थान में नए उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हैं। यही कारण है कि यह निवेश के लिए अनुकूल राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के संकल्प तथा लगातार प्रयासों से ग्रीन एनर्जी, पर्यटन जैसे क्षेत्रों में विकास हुआ है, जिससे निवेश के लिए बेहतर अवसर बने हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि नीमराना मॉडल ऑफ एक्सीलेंस तथा जाईका के सहयोग से राजस्थान और



जापान के बीच संबंध और सुदृढ़ हुए हैं। बैठक में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को और बेहतर बनाने, कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने तथा छात्रों के लिए जापान में अध्ययन के अवसर बढ़ाने पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान और जापान के बीच संबंध सदैव सकारात्मक रहे हैं। दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तार देने के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने राजस्थान में बायो-फॉरेस्ट परियोजनाओं, जयपुर मेट्रो फेज-2 और आरयूआईडीपी में जापान की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने डीरिगुलेशन तथा अनुपालन में कमी के माध्यम से निवेश प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर भी चर्चा की। राजदूत मलिक ने कहा कि जापान में आईटी सहित उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में भारतीय युवाओं की मांग बढ़ रही है। उन्होंने शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से इस दिशा में अवसरों को और विस्तार देने पर जोर दिया।

बैठक में महानिदेशक, हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशिक्षण श्रेया गुहा, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग दिनेश कुमार, शासन सचिव कार्मिक विभाग अर्चना सिंह तथा आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में यूनिसेफ के सहयोग पर हुई चर्चा

**जयपुर।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे के बीच आयोजित बैठक में विकसित राजस्थान के संकल्प को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रभावी कार्य कर रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और 'मा योजना' के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। शिक्षा क्षेत्र में यूनिसेफ के सहयोग से गुणवत्ता सुधार और बहुभाषीय शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है, जबकि 'युवा सेतु' कार्यक्रम युवाओं के कौशल विकास और नेतृत्व क्षमता को निखार रहा है। चिकित्सा विभाग ने जानकारी



दी कि यूनिसेफ के तकनीकी सहयोग और आशा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। सिंथिया मैककैफ्रे ने कहा कि यूनिसेफ की आगामी वर्ष 2026-29 की कार्ययोजना के अंतर्गत यूनिसेफ नीति निर्माण, तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन के क्षेत्र में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करेगा।

---

## ब्रीफ खबरें

### हथकरघा बुनकर जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन 15 तक

**जयपुर।** राज्य के हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से हर वर्ष की भांति राज्य सरकार ने इस वित्तीय वर्ष में भी बुनकरों को नकद पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) के महाप्रबंधक सुभाष चन्द्र शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए जिले की सीमा में कार्यरत हथकरघा बुनकरों से आवेदन आमंत्रित है। इसके लिए वहीं बुनकर पात्र हैं जो हथकरघा पर बुनाई कार्य में पिछले 3 वर्षों से कार्य कर रहे हैं तथा जिन्हें गत 3 वर्षों में इस पुरस्कार के लिए चयनित नहीं किया गया हो। पात्र हथकरघा बुनकर अपना आवेदन 15 मई तक कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) में जमा करा सकते हैं। आवेदन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (ग्रामीण) कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### लोक कला, और जनसवांद से मिल रही है योजनाओं की उपयोगी जानकारी

**जयपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषक, पशुपालकों और ग्रामीण क्षेत्रों से संबधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम रथ अभियान द्वारा जिले की दस विधानसभाओं में एलईडी वैन द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर जानकारी दी जा रही है। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि 7 मई को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत छारसा, खोरालाडखानी, कुंभवाय, सुराणा, आमेर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घटवाड़ा, मानपुरा माचेड़ी, रुंडल, सिरोही, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालपुरा, पचार, दुर्जनीयवास , दूदू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनपुरा, श्रीनिवासपुरा, झाग, सांवली, धमाना, बिहारीपुरा, बगरू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा बास, नेवटा, जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोबाड़ी, घोला, सामरेड कलां, खवारा नी, खरकड़ा, बस्सी विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुंडली, खिजुरिया ब्राह्मण, काशीपुरा, चाकसू विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवदासपुरा, बरखेड़ा, सालगरामपुरा, डाहर, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की मुंडली रणजीतपुरा, बासड़ीखुर्द, रलावता, काबरो का बास, चौमूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत किशनपुरा, नागल गोविंद गांवों में एलईडी वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### रीको और पीडब्ल्यूडी मिलकर करेंगे सड़कों का निर्माण

**जयपुर।** रीको द्वारा राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी एवं आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। राज्य के कई रीको औद्योगिक क्षेत्र राज्य राजमार्गों से जुड़े हुए हैं, जहां उद्योगों के कच्चे माल और तैयार उत्पादों के सुगम परिवहन हेतु सड़कों का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रीको एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा 38 सड़कों का विकास कोस्ट शेयरिंग मॉडल पर किया जायेगा। इसके अंतर्गत कुल व्यय का 50 प्रतिशत भाग रीको द्वारा वहन किया जाएगा। रीको के 36 औद्योगिक क्षेत्रों की एप्रोच सड़कों की पहचान की गई है, जो सार्वजनिक निर्माण विभाग से संबंधित हैं। इन सड़कों की कुल लंबाई लगभग 205 किलोमीटर है, जिनके सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण पर लगभग 290 करोड़ रुपये का व्यय होगा। ये सड़कें आबूरोड, अजमेर, बालोतरा, बांसवाड़ा, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, दौसा, जयपुर, जालौर, झालावाड़, कोटा, नीमराना, सवाई माधोपुर, श्रीगंगानगर और उदयपुर के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभान्वित करेंगी। इन सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान सरकार के माध्यम से किया जायेगा, जिसमें रीको और पीडब्ल्यूडी की 50-50 प्रतिशत वित्तीय साझेदारी होगी। इससे पूर्व भी रीको ने भिवाड़ी क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्रों को लाभ पहुंचाने हेतु खिजुरीवास टोल प्लाजा से टपूकड़ा तक राज्य राजमार्ग संख्या-25 के चौड़ीकरण एवं नाले के निर्माण कार्य के लिए करीब 74 करोड़ रुपए की परियोजना लागत में से 50 प्रतिशत लगभग 37 करोड़ रुपये वहन करने की स्वीकृति दी है। रीको राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने एवं उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यम संचालन को सुगम बनाने के लिए रीको लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है।

### अजमेर डिस्कॉम के सभी जिलों में दो ब्लॉक सप्लाई जल्द होगी सुलभ

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्ष-2027 तक प्रदेश में किसानों को दिन के दो ब्लॉक में बिजली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में अजमेर डिस्कॉम जल्द ही प्रदेश का पहला ऐसा विद्युत वितरण निगम होने जा रहा है जहां सभी जिलों में दिन के दो ब्लॉक में बिजली आपूर्ति सुलभ हो सकेगी। फिलहाल यहां नागौर एवं चित्तौड़गढ़ को छोड़कर शेष सभी जिलों में कृषि उपभोक्ताओं को यह बिजली मिल रही है। ऊर्जा विभाग की शासन सचिव एवं चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा ने बुधवार को विद्युत भवन में दो ब्लॉक सप्लाई को लेकर अजमेर एवं जोधपुर वितरण निगम के प्रबंध निदेशकों, प्रसारण निगम तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की। इस दौरान विद्युत तंत्र को मजबूत कर प्रसारण निगम एवं वितरण निगमों से संबंधित दिन में दो ब्लॉक सप्लाई की बाधाओं को दूर करने, ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि आदि विषयों पर समीक्षा की गई। डोगरा ने निर्देश दिए कि अजमेर डिस्कॉम के नागौर सर्किल में प्रसारण निगम द्वारा 220 केवी जीएसएस निर्माण तथा डिस्कॉम द्वारा इससे जुड़ने वाले 33 केवी के 4 सब स्टेशनों में ट्रांसमिशन क्षमता वृद्धि तथा इंटर कनेक्शन के कार्य आगामी जून माह तक पूर्ण कर लिए जाएं। उल्लेखनीय है कि नागौर जिले में प्रसारण निगम द्वारा 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन बिरलोका का निर्माण प्रगति पर है। इस जीएसएस के बनने से 33 केवी के चार सब स्टेशनों से दिन में दो ब्लॉक में सप्लाई दी जा सकेगी। इनके अतिरिक्त क्षमता वृद्धि एवं इंटर कनेक्शन के कार्य पूर्ण होने से 33 केवी के डेह, करनू, डेउ तथा कुरची स्थित जीएसएस से जुड़े क्षेत्रों में वितरण निगम तीन के स्थान पर दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति कर सकेगा। डिस्कॉम एवं प्रसारण निगम के संबंधित मुख्य अभियंताओं को इन कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। निगम के चित्तौड़गढ़ जिले में भी दो ब्लॉक विद्त आपूर्ति के लिए ओएण्डएम तथा ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है। ऊर्जा सचिव ने जयपुर एवं जोधपुर वितरण निगम के उन सभी अधीक्षण अभियंताओं से भी समीक्षा की जहां कुछ सब स्टेशनों में फिलहाल तीन एवं चार ब्लॉक में भी कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। डोगरा ने इन अभियंताओं से राज्य सरकार की मंशा अनुरूप दो ब्लॉक सप्लाई के लिए आवश्यक ग्रिड सब स्टेशनों के निर्माण, ट्रांसमिशन क्षमता में वृद्धि आदि के कार्य योजनाबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ब्रीफ खबरें

### ब्यावर का अग्निवीर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद



**ब्यावर।** जिले के लगेतखेड़ा गांव निवासी अग्निवीर युवराज सिंह चौहान (26) बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान शहीद हो गए। उनकी पार्थिव देह शुक्रवार को गांव आने की संभावना है। शुक्रवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। पिता प्रताप सिंह को बुधवार सुबह आर्मी हेडक्वार्टर से फोन करके युवराज के शहीद होने की सूचना दी गई थी। युवराज की शहादत की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक छा गया। युवराज 17 फरवरी 2022 को भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर भर्ती हुए थे। उन्होंने जबलपुर, गोवा और पठानकोट सहित विभिन्न सैन्य क्षेत्रों में सेवाएं दीं। वर्तमान में उनकी तैनाती जम्मू के अखनूर सेक्टर में थी। पिता ने बताया- युवराज 15 फरवरी 2026 को एक महीने की छुट्टी पर गांव आए थे। 19 मार्च 2026 को अखनूर लौटे थे। इस दौरान उन्होंने बताया था कि अब केवल चार महीने की सर्विस (ड्यूटी) बची है। परिजन ने बताया कि युवराज ने 5 मई की रात ड्यूटी पर जाने से पहले फोन किया था। उन्होंने पूरे परिवार के हाल-चाल भी पूछे थे। बुधवार सुबह कॉल किया था, लेकिन फोन बंद था। युवराज के एक छोटा भाई और बहन है। उनके पिता बीजेपी के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं। युवराज सिंह बचपन से ही देश सेवा का जज्बा रखते थे।

### सूदखोरों के आतंक से तंग आकर नर्सिंग कॉलेज मैनेजर ने दी जान



**भीलवाड़ा।** कर्ज के दलदल और सूदखोरों की प्रताड़ना ने एक और हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। भीलवाड़ा निवासी और जोधपुर के एक नर्सिंग कॉलेज में कार्यरत 51 वर्षीय मैनेजर सूर्य प्रकाश दाधीच ने सूदखोरों के आतंक से तंग आकर आरके कॉलोनी स्थित एक पार्क में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या से पहले सूर्य ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि कर्ज देने वाले लोग मूल राशि से कई गुना अधिक ब्याज वसूल चुके हैं। उन्होंने नम आंखों से कहा, "उन्होंने मेरा खून चूस लिया है, अब मेरे परिवार को मत सताना। वही मृतक ने करीबी मित्रों से परिवार और बेटे केशव का ख्याल रखने की अपील की है। वीडियो में सूदखोरों द्वारा दी जा रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना का भी उल्लेख किया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों का बुरा हाल है और उन्होंने प्रशासन से सूदखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर न्याय की मांग की है। पुलिस वीडियो साक्ष्यों की पड़ताल में जुट गई है।

### तप आध्यात्मिक उन्नति ही नहीं, लंबे जीवन का आधार भी : मुनि प्रणीत



**भीलवाड़ा।** आर के कॉलोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में बुधवार प्रातः आयोजित धर्मसभा में जैन दर्शन के "सम्यक तप" पर विस्तृत प्रवचन देते हुए मुनि प्रणीत सागर महाराज ने कहा कि जैन आगमों में बताए गए तप केवल आध्यात्मिक उन्नति ही नहीं, बल्कि स्वस्थ और दीर्घायु जीवन का भी आधार हैं।उन्होंने बताया कि जैन दर्शन में अनशन, अवमौदर्य, व्रत परिसंख्यान, रस परित्याग, विविक्त शय्यासन एवं कायक्लेश को तप के रूप में स्वीकार किया गया है। ये सभी साधन शरीर को संतुलित रखने और आत्म शुद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वर्तमान समय में मनुष्य जिव्हा (स्वाद) और उदर (पेट) के बीच संघर्ष में उलझ गया है, जहां अधिकांश लोग स्वाद को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि प्राथमिकता उदर और स्वास्थ्य को मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज विज्ञान और चिकित्सक भी यह मानने लगे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को माह में कम से कम एक बार पूर्ण उपवास तथा चार बार व्रत या एक समय भोजन करना चाहिए। भूख से कम खाना भी एक प्रकार का तप है। साथ ही समय-समय पर घी, नमक या शक्कर जैसे रसों का त्याग कर भोजन करना शरीर को संतुलित रखता है। उन्होंने भारतीय परंपरागत आहार पद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन का रहस्य भारतीय गृहणियों की रसोई और मसालों में छिपा है। जैन चिकित्सा ग्रंथ कल्याणकारकम् (मुनि उग्रादित्य स्वामी) में विभिन्न रोगों के अनुसार मसालों के उपयोग का विस्तृत वर्णन मिलता है, जो आज भी प्रासंगिक है।सम्यक तप के साथ उन्होंने सम्यक ज्ञान और स्वाध्याय की महत्ता पर भी बल दिया। धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस 12 मई को, 61 वरिष्ठ नर्सेज का होगा सम्मान

**भीलवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस जिला मुख्यालय पर 12 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। नर्सेज एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में उन वरिष्ठ नर्सेज का भी अभिनंदन किया जाएगा जिन्होंने संपूर्ण जीवन मानव सेवा में समर्पित कर दिया। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर से.नि. नर्सिंग अधीक्षक दिनेश सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मु. संरक्षक फरीद मोहम्मद रंगरेज ने बताया कि समारोह विशेष रूप से उनको समर्पित है जिन्होंने दशकों तक सेवा की है। इसी क्रम में 61 वरिष्ठ एवं से.नि. नर्सेज को सम्मानित किया जाएगा। यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक मुकुट राज सिंह शक्तावत ने बताया कि कार्यक्रम में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को गति देने के लिए पोस्टर का विमोचन भी किया जाएगा। समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला कलेक्टर एवं विधायक अशोक कोठारी सहित कई गणमान्य लोग शिरकत करेंगे। बैठक में कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश जैन, सत्यनारायण बिल्लू, सी. नर्सिंग ऑफिसर काशीराम नायक, सिराज खान, गिरिराज लढा, हितेश लखारा, लोकेश शर्मा, करन सिसोदिया और अमित व्यास उपस्थित थे।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन पर किया दावा, दो आरोपी गिरफ्तार

# उप तहसील कार्यालय में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कराई थी रजिस्ट्री, जांच में खुला जमीन हड़पने की साजिश का राज

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़। फर्जी** मृत्यु प्रमाण पत्र और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कृषि भूमि की रजिस्ट्री कराकर नामांतरण कराने के मामले में भादसोड़ा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर वर्षों से काश्त कर रहे परिवार की जमीन पर कब्जा जमाने की साजिश रची थी। पुलिस जांच में फर्जीवाड़े की परतें खुलने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है, जबकि मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है।जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 10 जून 2024 को मावरा निवासी बालमुकुंद राव ने भादसोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि ग्राम मावरा पटवार हल्का आक्या स्थित नवीन खाता संख्या-36 की 1.5100 हेक्टेयर कृषि भूमि उनके पिता ने 6 जून 1992 को देवा पुत्र हेमा बंजारा निवासी मावरा से खरीदी थी। तब से उनका परिवार उक्त भूमि पर काबिज है और लगातार खेती कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कुछ लोगों ने सुनियोजित षडयंत्र के तहत फर्जी दस्तावेज




तैयार कर 22 मई 2024 को उप तहसील कार्यालय भादसोड़ा में भूमि की रजिस्ट्री करवा दी और उसी दिन नामांतरण भी करा लिया। आरोपियों ने हजारी पुत्र भावसिंह बंजारा निवासी शंभूपुरा को फर्जी रूप से देवा पुत्र हेमा बंजारा बताकर कटरचित दस्तावेज तैयार करवाए और उनके आधार पर भूमि की रजिस्ट्री करा दी। जांच में यह भी सामने आया कि अन्य आरोपियों ने अपने दादा के नाम का फायदा उठाते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार करवाया। वास्तविक रूप से देवा पुत्र लक्ष्मण बंजारा और देवा पुत्र हेमा बंजारा अलग-अलग व्यक्ति थे, लेकिन आरोपियों ने रिकॉर्ड में हेरफेर कर भूमि पर स्वामित्व का दावा पेश करने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार फर्जी दस्तावेजों का उद्देश्य वास्तविक कब्जाधारियों को नुकसान पहुंचाकर भूमि पर अवैध अधिकार स्थापित करना था। मामले की जांच के दौरान आरोपी भागीरथ पुत्र रामलाल रेगर निवासी मंडफिया तथा राजू पुत्र नंदलाल नायक निवासी कुरेठा की भूमिका प्रमाणित पाई गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। फर्जी दस्तावेज तैयार करने, रजिस्ट्री कराने और नामांतरण प्रक्रिया में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में भी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मामले में अनुसंधान जारी है।

## चौपाल में बच्चों के भविष्य की बात, अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश

# सोशल मीडिया में न उलझें, सपनों पर फोकस करें: जिला कलक्टर

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** भैंसरोड़गढ़ पंचायत समिति की जालखेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बच्चों और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के आकर्षण में भटकने के बजाय अपने सपनों और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। जो विद्यार्थी अनुशासन और मेहनत के साथ अपने उद्देश्य पर फोकस करते हैं, वही जीवन में सफलता हासिल करते हैं।रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने शिक्षा, खेलकूद और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल परिवार की अपेक्षाएं पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि अपने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए करनी चाहिए। जीवन के शुरुआती वर्ष मेहनत और लक्ष्य निर्धारण के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बच्चों को खेलकूद और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए नशे और अन्य बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी। अभिभावकों से संवाद में उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएं और कम उम्र में विवाह जैसी कुप्रथाओं से बचा ज़ाए।




### ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए निर्देश

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, चिकित्सा सुविधा, पुलिया निर्माण, सीसी रोड, स्पीड ब्रेकर और रास्तों से जुड़ी समस्याएं रखीं। दीपपुरा घाटे की ख़राब सड़क को लेकर ग्रामीणों ने दुर्घटनाओं की आशंका जताते हुए सुधार की मांग की। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में एंबुलेंस की आवश्यकता बताने पर जिला कलक्टर ने एनपीसीआईएल के माध्यम से नई एंबुलेंस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। विद्यालयों के सामने स्पीड ब्रेकर निर्माण, खेतों तक रास्ता, जलभराव और पुलिया निर्माण जैसी मांगों पर भी संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को 24 जून तक चौपाल में सामने आई समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्रवाई कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवती लाल हिंगड़, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, उपखंड अधिकारी डॉ. कृति व्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### निजी अस्पतालों में RGHS बंद की, कर्मचारियों में रोष




**भीलवाड़ा।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नगर पालिका सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को RGHS योजना के तहत नियमित चिकित्सा सुविधा दिलाने की मांग की है। सीएम को भेजे पत्र में बताया कि पिछले कुछ समय से निजी अस्पतालों ने RGHS कार्ड पर इलाज करना बंद कर दिया है। कर्मचारी नियमित रूप से योजना के लिए अंशदान जमा कर रहे हैं, लेकिन इमरजेंसी के समय उन्हें लाखों रुपये जेब से खर्च करने पड़ रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्ग से.नि. कर्मियों को हो रही है, जिन्हें अस्पतालों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।वहीं फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा बहाल नहीं की गई, तो कर्मचारी संगठन आंदोलन की राह चुनने को मजबूर होंगे।

### MLA बिहाणी समेत 30 के खिलाफ FIR, AEN का आरोप-मुक्के मारे

FAIR REPORT

**श्रीगंगानगर**

जिले में भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी और AEN के बीच मारपीट के विवाद ने तूल पकड़ लिया है। राजस्थान अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (RUIDP) के AEN जगनलाल बैरवा से मारपीट के मामले में एसपी हरीशंकर ने FIR के आदेश दिए। AEN की रिपोर्ट पर बुधवार को जवाहर नगर थाना पुलिस ने राजकार्य में बाधा, SC/ST एक्ट व मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में विधायक जयदीप बिहाणी, एईएन (पीएचडी) कृष्ण धारीवाल, विधायक के निजी सहायक मनीष गर्ग, पार्षद बंटी वाल्मीकि समेत 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। AEN ने आरोप लगाया कि



विधायक ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर मुझे थप्पड़-मुक्के मारे। विधायक ने हाथ में पहने मोटे कड़े से मेरी आंख पर वार किया, जिससे आंख बुरी तरह चोटिल हो गई। पुलिस रिपोर्ट में एईएन ने आरोप लगाया कि बिहाणी ने गत दिनों एक मीटिंग में मुझे धमकी दी थी कि तुझे मेरे ऑफिस में बुलाकर ऐसी तस्सली करवाऊंगा कि तुम लोग याद रखोगे।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से वेदपीठ प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, कल्याण महाकुंभ का दिया निमंत्रण

# देशभर के श्रद्धालुओं की भागीदारी वाला अष्टदिवसीय आयोजन, यज्ञ-प्रवचन सहित होंगे विविध कार्यक्रम

FAIR REPORT

**निंबाहेड़ा। श्री** शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ की ओर से 1 से 8 जुलाई तक आयोजित होने वाले 21वें कल्याण महाकुंभ में भागीदारी के लिए लोकसभा अध्यक्ष Om Birla को औपचारिक आमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर श्री कल्लाजी मंदिर न्यास एवं वेदपीठ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल कोटा स्थित लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय पहुंचा और उनसे मुलाकात कर महाकुंभ में पधारने का विशेष आग्रह किया।प्रतिनिधिमंडल ने पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्हें तुलसी माला पहनाई गई तथा उपरना और शॉल ओढ़ाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस दौरान वेदपीठ की ओर से 21वें कल्याण महाकुंभ का औपचारिक निमंत्रण पत्र भी भेंट किया गया।प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष को आयोजन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अष्टदिवसीय महाकुंभ क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं धर्मप्रेमी शामिल होते हैं। आयोजन के दौरान यज्ञ, प्रवचन, भजन संध्या सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वे समय एवं कार्यक्रम की अनुकूलता के अनुसार महाकुंभ में शामिल होने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ द्वारा वैदिक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने और श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय की स्थापना जैसे प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर निंबाहेड़ा विधायक चंद कृपलानी ने भी लोकसभा अध्यक्ष को निमंत्रण देने पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनसे कल्याणनगरी पधारने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि उनकी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ेगी तथा श्रद्धालुओं को प्रेरणा मिलेगी।



## दो दिन से घर में अकेला था युवक; प्रारंभिक जांच में शराब सेवन, बीपी और अत्यधिक गर्मी के बीच नाक से अधिक रक्तस्राव का एंगल आया सामने

# चंदेरिया में युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** चंदेरिया क्षेत्र की गवारिया बस्ती में 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घर में अकेले रह रहे व्यक्ति का शव नाक और कान से खून निकलने की स्थिति में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, जबकि प्रारंभिक जांच में अत्यधिक गर्मी, स्वास्थ्य संबंधी समस्या और अधिक रक्तस्राव का एंगल भी सामने आया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। चंदेरिया क्षेत्र की गवारिया बस्ती में शनिवार सुबह 45 वर्षीय जसवंत पुत्र सुखलाल गवारिया अपने ही घर में मृत मिला। नाक और कान से खून निकलने की स्थिति में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर चंदेरिया थाना पुलिस, एफएसएल और एमओबी टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार जसवंत पिछले करीब दो दिनों से घर में अकेला रह रहा था। शनिवार सुबह एक सफाईकर्मी ने उसके घर का मुख्य गेट खुला देखा। इसी दौरान एक गाय घर के भीतर चली गई, जिस पर आसपास के लोगों और रिश्तेदारों को सूचना दी गई। परिजन



जब घर के अंदर पहुंचे तो जसवंत दीवार और फ्रिज के सहारे बैठी अवस्था में मिला। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। शरीर को छूते ही वह नीचे गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों के अनुसार शुक्रवार रात करीब 9 बजे तक जसवंत को घर में टीवी देखते हुए देखा गया था। सूचना मिलने पर चंदेरिया थाना पुलिस के साथ बस्सी थाना प्रभारी चंपाराम मय जाब्ता मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा एफएसएल और एमओबी टीम की मदद से साक्ष्य एकत्रित किए।परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी प्रकार के गंभीर बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि मृतक शराब का सेवन करता था और उसे रक्तचाप (बीपी) संबंधी समस्या भी थी। प्रारंभिक स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में अचेत होने के बाद अत्यधिक गर्मी और नाक से हुए अधिक रक्तस्राव के कारण उसकी तबीयत बिगड़ी हो। शरीर पर मिले कुछ निशानों को भी प्रारंभिक तौर पर चींटियों के काटने से बने निशान माना जा रहा है। हालांकि मौत के कारणों को लेकर अभी कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं निकाला गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा मेडिकल बोर्ड द्वारा किए गए पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।परिजनों के अनुसार जसवंत की पत्नी पिछले करीब 15 वर्षों से गंगापुर में चूड़ी बनाने और बेचने का काम करती है तथा वहीं रहती है।

# ‘No More Delays’: Chief Secretary Cracks Down on Pending Land Allocation Cases Holding Up Budget Projects

FAIR REPORT
BY HEMRAJ TIKAMCHAND



**Jaipur:** Sending a strong message to departments over delays in implementing key budget announcements, Rajasthan's Chief Secretary has directed officials to expedite the resolution of pending land allocation cases and ensure that development projects do not remain stalled due to administrative bottlenecks.

Chairing a high-level review meeting, the Chief Secretary undertook a department-wise assessment of land-related cases that have slowed the execution of various budget commitments. Stressing the need for swift action, officials were instructed to identify alternative land parcels wherever allocation disputes or procedural hurdles have delayed project implementation and submit fresh proposals without further delay.

The review focused on ensuring that flagship projects announced in the state budget move from paper to ground reality within stipulated timelines. Departments were asked to adopt a proactive approach and coordinate closely with district administrations and revenue authorities to remove obstacles affecting land availability.

Officials were also directed to establish a system of continuous monitoring and periodic review of pending cases to prevent bureaucratic delays from impacting public welfare and infrastructure projects.

The Chief Secretary emphasized that budget announcements represent commitments made to citizens and must translate into tangible outcomes on the ground. Any unnecessary delay in land allocation, he observed, not only hampers development works but also affects the timely delivery of public services. Government sources indicated that several projects across sectors, including education, healthcare, infrastructure and public utilities, are awaiting land allotment approvals, making speedy resolution of these cases a top administrative priority.

The directive is being viewed as part of the state government's broader push to strengthen governance efficiency and improve implementation of budget promises. By demanding accountability and regular monitoring, the administration aims to ensure that development projects are not trapped in procedural limbo. With land availability often emerging as one of the biggest hurdles in project execution, the latest intervention signals a clear shift from announcement-driven governance to deadline-driven delivery, putting departments on notice that delays will no longer be tolerated.

## 59,020 Litres of Petroleum Products Seized Near Highway Hotel; Two Tankers, Drums and Jerrycans Found




### Tankers Said to Be Going from Mumbai to Panipat; Police Probing Why They Stopped at Hotel Premises

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** In a joint operation against illegal storage and trade of petroleum products, the Supply Department and police seized 59,020 litres of fuel from a fenced area behind Rangoli Hotel near Bhandariya on the Kota-Udaipur Highway. Police received a tip-off that petroleum products were being illegally stored and handled at the location. After reaching the spot and finding the information to be correct, officials from the Supply Department were called for a joint inspection. During the raid, officials found two Bharat Petroleum (BPCL) tankers filled with petroleum products. Several jerrycans and six plastic drums of 200-litre capacity containing fuel were also recovered. The tanker drivers identified themselves as Ratan Singh and Bhagwan Singh, residents of Bhinder in Udaipur district. They told officials that the tankers had started from a refinery in Mumbai and were headed to Panipat in Haryana. They also named Mitthulal Gadri as the owner of the hotel and the fenced area. Officials seized the two tankers, the fuel stored in them, the drums and the jerrycans. An FIR has been registered and further investigation is underway. The main question before investigators is why the tankers, which were supposed to be on a fuel supply route, were parked behind a highway hotel and why fuel was being transferred into drums and jerrycans. Police are examining this angle in detail. Sources said some equipment suspected to be used for fuel theft was also found at the spot. Police and Supply Department officials are now trying to determine the purpose of the stored fuel and whether an organised network is involved in the operation

## Operation Trinetra: Assets Worth Rs 1 Crore of Drug Smuggler Frozen, Luxury House and 4 Vehicles Seized

### Action taken against Uthel resident Ratanlal Jat, who is facing NDPS cases in 4 districts; property frozen after permanent approval from New Delhi

FAIR REPORT



**Chittorgarh-** Under the special campaign ‘Operation Trinetra’ being run against drug smugglers, Nimbahera Police has taken major action by freezing movable and immovable properties worth around Rs 1 crore allegedly acquired through illegal means. The action was taken against Uthel resident Ratanlal Jat, who is involved in multiple NDPS Act cases. After receiving permanent approval from the Competent Authority in New Delhi, his luxury house and four vehicles were frozen. Superintendent of Police Dharmendra Singh said that the special campaign Operation Trinetra is being conducted on the directions of Udaipur Range IG Gaurav Srivastava to take strict action against illegal drug trafficking and smugglers. Under the campaign, the action was carried out by Nimbahera Police under the guidance of ASP Mukul Sharma and the supervision of DSP Badi Sadri Deshraj Kuldeep. Police investigation revealed that Ratanlal Jat, son of Jamnalal Jat and a resident of Uthel village under Nimbahera police station area, has NDPS Act cases registered against him at Dabok Police Station in Udaipur, Reodar Police Station in Sirohi, Gudamalani Police Station in Barmer and Bhadsoda Police Station in Chittorgarh district. During the investigation, police verified his properties. The investigation found that Ratanlal Jat had constructed a luxury house on land recorded under Khata No. 184 and Khasra No. 210 in Pind revenue area using income allegedly earned from drug trafficking. Apart from this, he had also purchased four vehicles in the name of his son Rajmal Jat, including a Scorpio, tractor, motorcycle and scooter. According to police, these assets were also acquired from illegal earnings. On May 4, 2026, Nimbahera Police sent a proposal to the Competent Authority and Administrator (SAFEM-FOP & NDPS Act), New Delhi, seeking freezing of these properties. After hearing the matter, the Competent Authority of the Government of India issued permanent approval to freeze Ratanlal Jat's house and the four vehicles registered in the name of his son Rajmal. After receiving the approval order, police froze the house and all four vehicles. The total value of the frozen assets is estimated at around Rs 1 crore. Police officials said that action against properties acquired through drug trafficking will continue in the future. Under Operation Trinetra, efforts are being made to target the illegal wealth of drug smugglers.

#### Team Involved in the Action

The operation was carried out by SHO Ramsingh, Head Constable Ugmaram, and Constables Yogesh, Prahlad, Thansingh, Suryapal and Tanwarsingh.

## NTA HITS BACK AT NEET-UG 2026 RE-EXAM PAPER LEAK CLAIMS, CALLS THEM ‘FALSE AND MISLEADING’

FAIR REPORT

**NEW DELHI**: With the ghost of last year's catastrophic NEET paper leak scandal still haunting India's medical education system, the National Testing Agency (NTA) has issued a firm rebuttal to fresh allegations of paper leak, advance access and sale of question papers ahead of the NEET-UG 2026 re-examination — insisting that the integrity of the exam process remains “fully intact.” In an unambiguous statement that signals growing anxiety within the testing body over the viral spread of leak claims, the NTA categorically dismissed the allegations as “false and misleading,” asserting that every possible security measure had been deployed to ensure a fair and safe examination for all candidates. “The integrity of the examination process is completely maintained. All possible security measures have been taken to ensure a neutral and safe exam for every candidate,” the agency stated. But for lakhs of students who were already forced to re-sit NEET-UG 2026 after the original examination was cancelled in the wake of a devastating paper leak controversy, the NTA's assurances ring hollow. Protests have erupted across cities, with students and youth organisations hitting the streets demanding accountability, systemic reforms and a thorough independent probe into the exam body's functioning.

Critics argue that the NTA — already battling a severe credibility crisis — cannot be the sole arbiter of its own integrity. With careers and dreams of hundreds of thousands of aspiring doctors on the line, the pressure on authorities to restore trust in India's most competitive medical entrance examination has never been more acute.

## Drug Smugglers Tried to Escape After Seeing Police, Caught After Chase; Opium and Pistol Recovered from Car




### Mangalwad Police action under Operation Trinetra; 89.24 grams of opium and a live cartridge seized, three accused arrested

FAIR REPORT

**Chittorgarh:** Under Operation Trinetra, Mangalwad Police arrested three drug smugglers and seized 89.24 grams of illegal opium, a country-made pistol, one live cartridge, and the car used for transportation. Superintendent of Police Dharmendra Singh said the action was carried out as part of the special campaign against drug trafficking being conducted on the directions of IG Udaipur Range Gaurav Srivastava. The operation was supervised by ASP Mukul Sharma and DSP Deshraj Kuldeep. On Friday, Mangalwad SHO SI Gokul Lal Dangi and his team were on patrol near Mangalwad pond on the Dungla Road. During patrolling, they noticed a blue Maruti Suzuki car coming from Dungla. On seeing the police vehicle, the driver suddenly turned towards a dirt road leading to Mirchakhedi and tried to escape. The police team chased the vehicle, surrounded it and stopped it. The driver was identified as Rakesh Kumar, a resident of Jalore district. The other occupants were Hitesh Salvi of Bhadesar and Bhomaram Jat of Balotra district. During the search of the car, police recovered 89.24 grams of opium, a country-made pistol and one live cartridge. The contraband, weapon and vehicle were seized, and all three accused were arrested on the spot. Police are questioning the accused to find out the source of the opium and weapon and to identify other persons involved in the network. The police team involved in the operation included SI Gokul Lal Dangi, ASI Premnath, and constables Rakesh, Gajendra Singh, Roshan Lal, Avinash and Bhairu Lal. Their quick action helped in the successful arrest of the accused.

## From Relief to Resistance: Bhati Strengthens Image as Emerging Mass Leader in Western Rajasthan

FAIR REPORT



**Barmer/Jaipur:** In a day marked by both compassion and political symbolism, Shiv MLA Ravindra Singh Bhati reinforced his growing stature as one of western Rajasthan's most prominent emerging public leaders by extending 10 lakh assistance to the family of a deceased worker and standing shoulder-to-shoulder with labourers celebrating the success of the Giral workers' movement.

Bhati first visited the residence of late Jaisaram Meghwal, where he met the grieving family and handed over an approval letter for financial aid sanctioned from his MLA fund. The gesture was seen by many residents as more than a routine welfare measure, reflecting a leadership style that emphasizes direct engagement with people during times of personal hardship.

Addressing family members and local citizens, Bhati assured continued support and stressed that public representatives must remain accessible to those facing adversity. The visit drew appreciation from community members, who described it as an example of responsive and people-centric leadership.

Later, the Shiv MLA arrived at the Giral protest site, where workers were celebrating the successful resolution of a prolonged agitation. Following marathon negotiations between the administration, labour unions and officials, workers' demands were accepted, bringing the movement to a positive conclusion.

Amid cheers from labourers, Bhati described the outcome as a victory of unity, patience and democratic struggle. He praised workers for their discipline and determination, stating that their collective voice had ultimately secured justice.

Political observers note that Bhati's increasing presence on issues ranging from public welfare and social assistance to labour rights and grassroots movements is steadily shaping his image beyond conventional politics. By maintaining close contact with villagers, youth, farmers and workers, he has emerged as a prominent grassroots figure whose influence continues to expand across western Rajasthan.

For many supporters, Saturday's events highlighted a leadership model built on accessibility, public participation and direct intervention—qualities that are helping transform Ravindra Singh Bhati from a first-time legislator into one of the region's most closely watched emerging mass leaders.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**